UNIVERSITY RAJASTHAN COLLEGE, JAIPUR
University of Rajasthan, Jaipur-302004
(College with Potential for Excellence)
Phone: 91-141-2710565; **Fax:** 91-141-2703655;

Established - 1957
असतो मा सद्गमय
Prof. Jagdish Prasad
Principal

No. URCJ/2015/ *दिनांक : 12.08.2015*

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्थान महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एच.आई.वी. एड्स एवं रक्तदान पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित
13 अगस्त, 2015 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान

जयपुर, 12 अगस्त, 2015 राजस्थान महाविद्यालय, जयपुर में आज अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एच.आई.वी. एड्स एवं रक्तदान पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान कॉलेज एवं ड्राईंग एण्ड पेन्टिंग विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पोस्टर्स एवं स्लोगन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जगदीश प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें अपनी कलात्मक क्षमताओं से समाज को जागरूक करने के लिए सक्रिय होने का आह्वान किया। डॉ. शीला राय, उप–प्राचार्य ने संभागियों को एच.आई.वी. एड्स एवं रक्तदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस रोग के संक्रमण से बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इसके संदर्भ में प्रचलित भ्रान्तियों को दूर करने के प्रयास पर प्रकाश डाला। रेक्टर डॉ. आई.यू. खान ने विषय और कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रयोजन पर प्रकाश डाला। ख्यातिलब्ध कला मर्मज्ञ डॉ. रेखा भटनागर ने श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन कर विद्यार्थियों को कला के परिमार्जन के संदर्भ में भी सुझाव दिये।

इस कार्यक्रम में राजस्थान कॉलेज एवं ड्राईंग एण्ड पेन्टिंग विभाग के 35 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर के द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम युवाओं को समाज के प्रति अपने दायित्वों का संज्ञान कराने के विभिन्न प्रयासों में से एक है।

इस **पोस्टर प्रतियोगिता** में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः राजेन्द्र प्रसाद मीणा, चाननमल एवं रवि प्रसाद कोली को मिला तथा **स्लोगन प्रतियोगिता** में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः रितु शर्मा, शिल्पा निमेश एवं मनमोहन को मिला।

राजस्थान महाविद्यालय में दिनांक 13 अगस्त, 2015 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी भाग लेंगे। इसके साथ ही नये छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न ईकाइयों में प्रवेश दिया जायेगा।

प्राचार्य

WALK US THROUGH THIS

कदम बढ़ाओ
परिवर्तन की ओर एक कदम
राजस्थान महाविद्यालय